# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## *राष्ट्रीय संगोष्ठी*

**राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC), बैंगलुरू**
**द्वारा प्रायोजित**
**आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)**
**द्वारा आयोजित**

## उच्च शिक्षा में गुणवत्ता संवर्धन में समस्याएँ एवं चुनौतियाँ

**(19-20 मार्च 2016)**

### संगोष्ठी का उद्देश्य एवं महत्व:-

आजादी के बाद भारत ने आर्थिक सामाजिक एवं शैक्षणिक सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व उन्नति की हैं। भूमंडलीकरण के इस दौर में भारत की उच्च शिक्षा एक खास तरह के विभ्रम से गुजर रही है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों की संख्या की दृष्टि से भारत चीन और अमेरिका के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बडा देश है, किंतु शैक्षिक स्तर की दृष्टि से स्थिति संतोषजनक नहीं है। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के अनुसार भारत के 68 % विश्वविद्यालय और 90 % महाविद्यालय गुणवत्ता की दृष्टि से दोयम दर्जे के हैं। उच्च शिक्षा जगत के सामने आज यह प्रश्न तेजी से उभरकर खडा हुआ है कि ऐसे कौन से कारण हैं जिनकी वजह से भारत के विश्वविद्यालय गुणवत्ता की दृष्टि से खरे नहीं उतर पा रहे हैं। अत: शिक्षण-अधिगम की दृष्टि से, प्रशासन, प्रबंधन एवं नेतृत्व की दृष्टि से, स्वायतत्ता एवं अवसरों की उपलब्धता की दृष्टि से तथा अंतरानुशासनात्मकता एवं शोध की दृष्टि से हमें गहराई से विचार-विमर्श एवं विश्लेषण करने की आवश्यकता प्रतीत होती है। इस संगोष्ठी का उद्देश्य उन कारणों एवं समस्याओं की तलाश करना, उन चुनौतियों पर विचार-विमर्श करना है जो उच्च शिक्षा की गुणवत्ता संवर्धन में बाधक हैं। साथ ही उन संभावनाओं को भी देखना हैं जिससे भारत के उच्च शिक्षण संस्थान गुणवत्ता प्राप्त कर सकें एवं विश्व में अपना स्थान बना सकें।

# आमंत्रण

महोदय/महोदया,

आपको सूचित करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा ''**उच्च शिक्षा में गुणवत्ता संवर्धन में समस्याएँ एवं चुनौतियाँ**'' विषय पर दिनांक 19-20 मार्च 2016 को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

इस संगोष्ठी का उद्देश्य उन कारणों, समस्याओं एवं चुनौतियों का विश्लेषण करना होगा जिनकी वजह से हमारे उच्च शिक्षण संस्थान गुणवत्ता की दृष्टि से खरे नहीं उतर पा रहे हैं। हमारे इस सद्प्रयास में आपकी भागीदारी निश्चित रूप से हमें प्रोत्साहित करने में सहायक सिद्ध होगी।

संगोष्ठी में निम्नांकित विषय चर्चा हेतु प्रस्तावित हैं। इनके अतिरिक्त संबंधित विषयों पर चर्चा का स्वागत होगा।

**संगोष्ठी के उपविषय:-**

1. उच्च शिक्षा की पाठ्यचर्या और शिक्षण शास्त्रीय परिप्रेक्ष्य
2. उच्च शिक्षा में प्रशासन, प्रबंधन और नेतृत्व से जुड़े मुद्दे
3. उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और स्वायत्तता
4. उच्च शिक्षा तक पहुँच, निरंतरता और अवसरों की उपलब्धता
5. उच्च शिक्षा का भारतीय परिप्रेक्ष्यः ऐतिहासिक उत्स, ज्ञाननिर्माण के चिंतनफलक, अंतरानुशासनात्मकता एवं शोध की दशा और दिशा
6. उच्च शिक्षा में नवाचार
7. उच्च शिक्षा में शोधः स्तर, गुणवत्ता और आयाम
8. उच्च शिक्षा में उभरते मुद्दे चुनौतियाँ और विकल्प

सभी शिक्षाविदों, अकादमिक सदस्यों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों से राष्ट्रीय संगोष्ठी के विषय-उपविषय पर शोध पत्र/आलेख आमंत्रित किए जाते हैं। शोध पत्र या आलेख का सार अधिकतम 300 शब्दों में तथा पूर्ण आलेख/शोध पत्र 2000 शब्दों में कृतिदेव अथवा मंगल फॉन्ट में होना चाहिए। इसकी सॉफ्टकॉपी seminariqac2016@gmail.com पर अनिवार्य रूप से भेजें।

संगोष्ठी में प्रस्तुत किए जाने वाले आलेखों/शोध पत्रों का संकलन कर ''**उच्च शिक्षा में गुणवत्ता संवर्धन**'' शीर्षक से पुस्तक का प्रकाशन किया जाएगा। संगोष्ठी में पंजीयन कराने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। प्रतिभागी अपना पंजीयन डाक द्वारा या ऑनलाइन करा सकते हैं। संगोष्ठी में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी अपना शोध पत्र/आलेख सार दिनांक 22 फरवरी 2016 तक ई-मेल अथवा डाक द्वारा आवश्यक रूप से संयोजक, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

# पंजीकरण फार्म

**आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, म.गां.अं.हिं.वि.वि., वर्धा**

**उच्च शिक्षा में गुणवत्ता संवर्धन में समसयाएँ एवं चुनौतियाँ**

**19-20 मार्च 2016**

नाम:- ........................................................
पद:- ........................................................
संस्थान:-.....................................................
पता:-...........................................
मोबाइल नं.:- ................................................
ई-मेल:- ................................ ....................
शोध पत्र का शीर्षक:- ......................................
पंजीयन शुल्क का विवरण:- ................................
बैंक का नाम एवं दिनांक-...............................................
डी.डी.नं. एवं राशि :- ....................................................
ठहरने की व्यवस्था:- आवश्यक है/नहीं है (√) करें।
आगमन की तिथि व समय:- ...............................
प्रस्थान की तिथि व समय:- .............................

स्थान:- ...................................
दिनांक:- ............................

हस्ताक्षर

**नोट:-**

- आवेदन कर्ता seminariqac2016@gmail.com ई-मेल पर अपना पंजीयन फार्म एवं आलेख/शोध-पत्र सारांश भेजे।
- जिन बाह्य शिक्षकों का शोध पत्र/आलेख चयनित होगा उन्हें नियमानुसार आने-जाने का द्वितीय श्रेणी शयनयान का किराया दिया जाएगा।
- भोजन एवं आवास की व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा की जाएगी। विश्वविद्यालय में आवास की सुविधा सीमित है। अत: आवास सुविधा प्राप्ति हेतु पहले सूचित करना आवश्यक है।

**संगोष्ठी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ**

- प्रतिभागिता हेतु पंजीयन कराने की अंतिम तिथि– 15 फरवरी 2016
- पंजीयन शुल्क अकादमिक सदस्य/शिक्षक – 1000/- रु.
- पंजीयन शुल्क शोधार्थी/विद्यार्थी – 500/- रु.
- शोध सारांश भेजने की अंतिम तिथि – 22 फरवरी 2016
- शोध सारांश स्वीकृत होने की सूचना - 29 फरवरी 2016
- पूर्ण आलेख/शोध पत्र भेजने की अंतिम तिथि– 07 मार्च 2016

**शोध पत्र सारांश/पूर्ण शोध पत्र भेजने के लिए ई-मेल**

Seminariqac2016@gmail.com


संपर्क सूत्र

डॉ. शोभा पालीवाल

संयोजक – आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

पोस्ट - हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा – 442001 (महाराष्ट्र)

Seminariqac2016@gmail.com

कार्यालय – 07152-255617

संगोष्ठी संयोजक – 07387812625, 09414132501


कार्यालयीन दिवस में प्रात: 10 से सायं. 5.30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

पंजीयन हेतु निर्धारित शुल्क का भुगतान माँग-पत्र (Demand Draft) के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। माँग-पत्र ‘‘FINANCE OFFICER MGAHV WARDHA’’ के पक्ष में WARDHA में देय हो।

पंजीयन हेतु ऑनलाइन भुगतान संबंधी जानकारी निम्नानुसार है-

| | |
|---|---|
| बैंक का नाम | BANK OF INDIA |
| शाखा | HINDI VISHWAVIDYALAYA BRANCH, GANDHI HILL, WARDHA-442001 MAHARASHTRA |
| खाता धारक का नाम | FINANCE OFFICER MGAHV WARDHA |
| खाता संख्या | 972110210000005 |
| IFSC CODE | BKID0009721 |

ऑनलाइन भुगतान करने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि भुगतान करने की रसीद की कॉपी पंजीयन फॉर्म के साथ संलग्न कर प्रेषित करें।